(ख) यदि हां, तो इसकी जांच का क्या परिणाम रहा ?

डाक और तार विभाग में उपमंत्री (श्री भागवती) : (क) १९००० रुपये के लिए बीमा किए गए चार लिफाफों में कागज के टुकड़ पाये गए ।

(ख) यह सिद्ध नहीं हो सका है कि लिफाफों में करेंसी नोट रखे गए थे ।

दिल्ली और बम्बई के बीच रेल की पटरी

३३१. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार दिल्ली से बम्बई तक रेल की पटरियों को डबल कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या दाउद और गोधरा तथा कोटा और बीना के बीच वाले पुलों में अभी से दरारें पड़ गई हैं और क्या सरकार ने इन पुलों के संबंध में भुगतान कर दिया है ;

(ग) क्या इन पुलों को फिर से बनाया जायेगा और

(घ) यदि नहीं, तो क्यों और क्या वैकल्पिक उपाय किये जायेंगे ?

रेलवे मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) से (घ). प्रश्न से यह स्पष्ट नहीं है कि माननीय सदस्य का मतलब दिल्ली और बम्बई के बीच लाइन के उस हिस्से पर पड़ने वाले पुलों से है जिस पर दोहरी पटरी इस समय बिछायी जा रही है, या उन सेक्शनों पर पड़ने वाले पुलों से है जिन पर दोहरी पटरी बिछायी जा चुकी है । इस समय केवल लाखेरी और बयाना के बीच दोहरी पटरी बिछायी जा रही है और इस सेक्शन के पुलों में दरार पड़ने की कोई घटना नहीं हुई है । लेकिन गोधरा-नागदा सेक्शन में, जहां दोहरी पटरी बिछाने का काम १९६२ में पूरा हुआ था, कुछ पुलों के पूर्व-प्रतिबलित कांक्रीट गर्डरों में दरारें पड़ गयी हैं। इस मामले की जांच की जा रही है । कोटा-बीना सेक्शन में दोहरी पटरी नहीं बिछायी गयी है । वास्तव में यह सेक्शन दिल्ली-बम्बई रेल मार्ग का भाग नहीं है ।

मालगाड़ी के डिब्बे में आग लगना

३३२. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ३०-१२-६३ को पूर्वी रेलवे के बिहटा व दानापुर स्टेशन के बीच एक मालगाड़ी के डिब्बे में आग लगने के फलस्वरूप ९ गायें जल कर मर गईं ;

(ख) यदि हां तो आग लगने का क्या कारण था ; और

(ग) इससे कुल कितनी क्षति हुई ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) (क) जी नहीं । लेकिन ३१-१२-६३ को जब डाउन डुमरांव पाइलट माल गाड़ी बिहटा और नऊरा स्टेशनों के बीच जा रही थी, तो उसके एक मवेशी डिब्बे में आग लग गयी, जिसमें १ बछड़ा और ८ गायें लदी हुई थीं । आग लगने की वजह से बछड़ा और ७ गायें मर गयीं ।

(ख) मवेशियों के परिचरों ने डिब्बे में लापरवाही से एक हरीकेन लालटेन लटका रखी थी । गाड़ी के हिलने डुलने की वजह से लालटेन नीचे भूसे के ढेर पर गिर गयी जो चारे के लिए रखा हुआ था लालटेन के गिरने से भूसे में आग लग गयी ।

(ग) जन-सम्पत्ति की लगभग १४५५ रुपये की क्षति हुई, जिसमें मवेशियों की कीमत भी शामिल है ।